

# नेशनल हाईवे पर हादसों को आमंत्रण देते आवारा पशु

## रात के अंधेरे में काल बन रहे आवारा पशु, प्रशासन मौन

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. जिले में आवारा पशुओं की समस्या अब एक गंभीर मोड़ ले चुकी है. जिले की प्रमुख सड़कों और खासकर नेशनल हाईवे पर रात के समय आवारा मवेशी वाहन चालकों के लिए मुसीबत बनी हुई है आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के बावजूद स्थानीय प्रशासन विकराल होती समस्या को लेकर मूकदर्शक बना हुआ है, जिससे वाहन चालकों में भारी आक्रोश है.**



आधिकारिक आंकड़ों पर नज़र डालें तो जिले में 61 गौशालाओं को स्वीकृति दी गई थी, जिनमें से 55 गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है. वर्तमान में इनमें से 49 गौशालायें संचालित भी हैं, जिनमें कुल 5540 गौवंश को रखने का दावा किया जा रहा है. लेकिन बड़ा सवाल यह उठता है कि लाखो रुपये खर्च कर बनाई गई इन गौशालाओं के बावजूद हजारों की संख्या में मवेशी सड़कों पर क्यों घूम रहे हैं? हाईवे पर बैठ रहे इन मवेशियों को देखकर ऐसा लगता है कि प्रशासन के दावे सिर्फ कागजों तक ही सीमित हैं

सबसे बदतर हालात नेशनल हाईवे के हैं रात के समय अंधेरे में काले और भूरे रंग के मवेशी सड़क के बीचों-बीच बैठे या खड़े रहते हैं, जो तेज रफ्तार वाहनों की लाइट में भी आसानी से दिखाई नहीं देते जब तक वाहन चालक को मवेशी नजर आता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है. यदि समय रहते बंद पड़ी 6 गौशालाओं को शुरू नहीं किया गया और सड़कों पर घूम रहे मवेशियों को रेस्क्यू कर संचालित 49 गौशालाओं में नहीं भेजा गया, तो आने वाले दिनों में यह समस्या और भी भयावह रूप ले सकती है.

### शहर में भी सड़कों पर जानवरों का कब्जा

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम और जिला प्रशासन द्वारा आवारा पशुओं को हाईवे से हटाने के लिए कोई ठोस मुहिम नहीं चलाई जा रही है. हाईवे पर आवारा घूम रहे पशु न सिर्फ खुद दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं, बल्कि राहगीरों के लिए भी काल बन रहे हैं.

# तालाब में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत

▶ पिपरा गांव में पसरा मातम

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. जिले के उचेहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली परसमनिया चौकी के पिपरा गांव से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। शनिवार को यहाँ एक तालाब में डूबने से सगे भाई-बहन की मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना के बाद से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।**



जानकारी के मुताबिक, पिपरा गांव के रहने वाले अरुण सिंह गोंड के दो मासूम बच्चे 7 वर्षीय बेटा शुभम गोंड और 5 वर्षीय बेटी अक्षिता गोंड घर के पास स्थित एक तालाब में नहाने गए थे नहाने के दौरान खेलते-खेलते दोनों बच्चे गहरे पानी की तरफ चले गए और खुद को संभाल नहीं पाने के कारण डूब गए. काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने दोनों बच्चों को पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और दोनों मासूमों की सांसें थम चुकी थीं.घटना की सूचना मिलते ही परसमनिया चौकी प्रभारी संतोष धुर्वे अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है.

### तालाब किनारे मिले कपड़े

जब बच्चे काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई. शुरुआत में परिजनों को लगा कि बच्चे कहीं आस-पास के जंगल की तरफ चले गए हैं, इसलिए उन्होंने पहले वहां खोजबीन की जंगल में कोई सुराग न मिलने पर जब वे तालाब की तरफ गए, तो किनारे पर बच्चों के कपड़े पड़े मिले. कपड़े देखते ही ग्रामीणों और परिजनों को अनहोनी का अंदेशा हुआ और उन्होंने तुरंत तालाब के पानी में बच्चों की तलाश शुरू कर दी.

# रेलवे स्टेशन पर पुलिसकर्मी पर हमला

## डंडा छीनकर युवक ने की मारपीट, वीडियो वायरल

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म में एक युवक ने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी का डंडा छीनकर उस पर हमला कर दिया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।**



रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2/3 पर शनिवार सुबह करीब 11 बजे उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक युवक ने ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मी से डंडा छीन लिया और उसी डंडे से उस पर हमला कर दिया। हमले के दौरान पुलिसकर्मी लगातार पकड़ो-पकड़ो चिल्लाता रहा, लेकिन युवक कुछ देर तक उस पर वार करता रहा। घटना के दौरान प्लेटफॉर्म पर मौजूद यात्रियों और अन्य लोगों ने साहस दिखाते हुए युवक को पकड़ लिया। इसके बाद उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। इस पूरी घटना का वीडियो किसी यात्री ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना की शिकायत शासकीय रेलवे पुलिस जीआरपी में दर्ज कराई गई है।

# डीईओ का बड़ा फैसला : जिले में सभी संलग्नीकरण तत्काल समाप्त

## मूल पद स्थापना में लौटेंगे शिक्षक-कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. शिक्षा व्यवस्था को पटरी पर लाने की दिशा में जिला शिक्षा अधिकारी ( डीईओ ) ने बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है।**

जिले में वर्षों से मूल पदस्थापना छोड़कर अन्य विद्यालयों एवं कार्यालयों में संलग्न होकर कार्य कर रहे शिक्षकों और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों का संलग्नीकरण (अटैचमेंट) तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। अब सभी कर्मचारियों को अपनी मूल पदस्थापित संस्था में लौटकर नियमित रूप से सेवाएं देना अनिवार्य होगा।

यह आदेश आयुक्त, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा 5 जुलाई 2026 को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट कहा गया है कि जिले में किसी भी स्तर पर यदि कोई शिक्षक या गैर-शैक्षणिक कर्मचारी अपनी मूल पदस्थापना से हटकर किसी अन्य संस्था अथवा कार्यालय में संलग्न





होकर कार्य कर रहा है, तो उसका संलग्नीकरण तत्काल प्रभाव से समाप्त माना जाएगा। संबंधित कर्मचारियों को बिना विलंब अपनी मूल संस्था में उपस्थित होकर शैक्षणिक एवं प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

शिक्षा विभाग के इस फैसले को जिले के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता बढ़ाने और शिक्षण व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। लंबे समय से संलग्नीकरण की व्यवस्था को लेकर उठ रहे सवालों के बीच यह आदेश शिक्षा विभाग में व्यापक प्रभाव डाल सकता है।

### कितना असर होगा आदेश का

डीईओ द्वारा निर्देश जारी होने के बाद व्यवस्था के तहत कार्य कर रहे बीएसी-सीएसी और निर्वाचन कार्य में लगे शिक्षक अभी भी अपनी पदांकित संस्था में उपस्थित नहीं हुए, तो क्या डीईओ का यह आदेश भी अन्य ओदेशों की भांति सिर्फ खानापूर्ति तक ही सीमित रहेगा या शिक्षण कार्य से विरक्त शिक्षक अपनी पदांकित शाला में उपस्थित होंगे ये आने वाले समय में दिखेगा.

# चढ़ावा चोरी के विरोध में महिला कांग्रेस का चालीसा पाठ

**सतना, 11 जुलाई. श्रीराम मंदिर में दान एवं चढ़ावे में हुई कथित चोरी के विरोध में महिला कांग्रेस ने हनुमान चालीसा का पाठ किया.**



राष्ट्रीय अध्यक्ष अल्का लांबा एवं प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी के निर्देशा अनुसार गीता सिंह परिहार जिला ग्रामीण अध्यक्ष एवं प्रदेश महासचिव के नेतृत्व में शनिवार को सतना सिविल लाइन हनुमान मंदिर में प्रदर्शन किया गया। आस्था से जुड़े विषयों में किसी भी प्रकार की अनियमितता स्वीकार्य नहीं है। श्रद्धालुओं की भावनाओं के सम्मान और पारदर्शिता की मांग को लेकर विरोध दर्ज कराया गया। इसके पश्चात क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना के साथ हवन-पूजन किया गया। इस प्रदर्शन में सभी पदाधिकारी महिला कांग्रेस की गीता सिंह परिहार प्रदेश महासचिव जिला ग्रामीण अध्यक्ष कल्पना वर्मा पूर्व विधायक आरती सिंह बघेल प्रदेश महासचिव हेमलता सिंह प्रदेश महासचिव उर्मिला त्रिपाठी पूर्व महापौर वंदना बागरी ,प्रभा जित्तू बागरी, प्रदेश सचिव ममता सिंह और सभी महिला कांग्रेस की महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं एवं जागरूक नागरिकों ने सहभागिता कर अपना समर्थन व्यक्त किया।

# रेलवे प्रतीक्षालय में हुआ महिला का प्रसव, नहीं पहुंची एम्बुलेंस

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. सतना रेलवे स्टेशन पर शनिवार तड़के स्वास्थ्य सेवाओं की बड़ी लापरवाही सामने आई। प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक गर्भवती महिला ने यात्री प्रतीक्षालय में ही नवजात शिशु को जन्म दिया।**



प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि समय पर एम्बुलेंस और चिकित्सकीय सहायता नहीं मिलने के कारण स्टेशन परिसर में ही प्रसव कराना पड़ा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला प्रतीक्षालय में अकेली थी और तेज प्रसव पीड़ा से कराह रही थी। वहां मौजूद महिला यात्रियों ने जननी एक्सप्रेस को फोन कर मदद मांगी, लेकिन काफी देर तक एम्बुलेंस नहीं पहुंची। मदद करने वाली महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि जिला अस्पताल ले जाने के लिए पैसे मांगे जा रहे थे। करीब एक घंटे तक इंतजार के बाद भी चिकित्सकीय सहायता नहीं मिलने पर सुबह 4:22 बजे महिला ने रेलवे स्टेशन के टिकट काउंटर के सामने नवजात शिशु को जन्म दिया। मौके पर मौजूद महिलाओं ने प्रसूता की मदद कर सुरक्षित प्रसव कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक महिला का नाम खुशबू है। बताया गया कि उसका पति उसे प्रतीक्षालय में छोड़कर कहीं चला गया था। प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा जिला अस्पताल पहुंचे या नहीं, इसकी कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के बाद जननी एक्सप्रेस, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं और जिला अस्पताल की व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

# विंध्य चेम्बर अध्यक्ष सुखेजा का हुआ स्वागत

नवभारत न्यूज

**सतना11 जुलाई. सिंधी कॉलोनी के व्यापारियों ने व्यापारियों की शीर्ष संस्था विंध्य चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा जी सहित पूरी टीम का पूरे गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया गया, इस अवसर पर विंध्य चेम्बर अध्यक्ष श्री सुखेजा जी को विभिन्न फलों एवं लड्डूओं से तौला गया।**



श्री कंवर नगर व्यापारी संघ अध्यक्ष राजकुमार बजाज ने बताया कि सिंधी समाज की युवा शक्ति द्वारा पूरे विंध्य चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा जी सहित पूरी टीम पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सिंधी समाज की विशेष अजरक टोपी, शाल एवं अजगर माला के साथ भव्य स्वागत किया गया, इस अवसर पर विशेष रूप से विशाल आतिशबाजी भी की गई इस अवसर पर चेम्बर अध्यक्ष सतीश सुखेजा जी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी पूरी टीम आपकी सेवा में 24 घंटे समर्पित रहेगी और आगामी 14 जुलाई को नगर निगम का व्यापारियों की समस्याओं को लेकर बड़ा घेराव करने जा रहे हैं, आप सबके सहयोग की जरूरत है। साथ ही समाज के वरिष्ठ मनोहर लाल भोजवानी, होलाराम खिलवानी भी विशेष रूप से मंच पर उपस्थित थे।

# उपयंत्री ने हो रहे भ्रष्टाचार की पोल खोली : दिलीप

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. पंचायत राज संस्थाओं में कार्यरत उप यंत्री सतीश समेले के द्वारा किए गए वीडियो खुलासे के बाद जिला कांग्रेस कमेटी सतना एवं मैहर के पूर्व अध्यक्ष एवं जिला पंचायत निर्माण समिति के पूर्व अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने सरकारी प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से हो रहे भ्रष्टाचार पर हमला बोला.**

उन्होंने कहा है कि अब प्रदेश में भाजपा सरकार केवल कमीशन की



सरकार बनकर रह गई है जहां पर पंचायतों से लेकर राज्य स्तर तक केवल कमीशनखोरी का नेटवर्क काम कर रहा है।श्री मिश्रा ने कहा है कि पंचायती राज में कार्यरत निलंबित उपयंत्री ने जिस प्रकार से पूरे सिस्टम की पोल खोली है एवं कमीशन खोरी की रेट सूची सचिव से लेकर भोपाल तक की जारी की है जिसमें 20त्न 10त्न 3त्न 5त्न 3त्न 3त्न उससे स्पष्ट होता है कि पंचायत स्तर से लेकर जिला और भोपाल तक विभिन्न स्तरों पर किस प्रकार से तय प्रतिशत के हिसाब से कमीशन गेहूं में घुन जैसा फैल चुका है। व जिला स्तर पर डी एम एफ व अन्य कार्यों को स्वीकृत कराने में भी किस प्रकार से 15त्न तक कमीशन लिया जाता है श्री मिश्रा ने दावा किया है कि उपयंत्री ने स्वयं स्वीकार किया है कि इंजीनियर अब केवल तकनीकी कार्यों से अधिक कमीशन एजेंट और पेटी पहुंचाने का काम कर रहे हैं।



# मैहर के सड़क हादसे के पीड़ित परिवारों से मिले समाजजन

## कुर्मी क्षत्रिय पदाधिकारियों ने जताई संवेदना

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. मैहर जिले के यदुवीर नगर में कुर्मी क्षत्रिय समाज के पदाधिकारियों ने अमरपाटन से मैहर आते समय हुए भीषण सडक हादसे में जान गंवाने वाले छह युवा साथियों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।**

समाज के प्रतिनिधिमंडल ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी और इस कठिन समय में धैर्य बनाए रखने का आग्रह किया। श्रद्धांजलि देने पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला सतना के अध्यक्ष डॉ. दुर्योधन सिंह, जिला पंचायत सदस्य ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, अजीत सिंह कोटर तथा रमाशंकर पटेल शामिल रहे। सभी ने दिवंगत युवाओं के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। समाजजनों ने कहा कि यह हृदयविदारक दुर्घटना पूरे क्षेत्र के लिए अत्यंत दुखद और मर्मांतक है। विशेष रूप से पांच युवा सदस्यों का असमय निधन ऐसी अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नहीं हो सकती। इस हादसे ने हर संवेदनशील व्यक्ति को भीतर तक झकझोर दिया है। प्रतिनिधिमंडल ने शोक संतप्त परिवारों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि पूरे समाज की संवेदनाएं उनके साथ हैं।

# सांसद का पवित्र कृपाण भेंट कर किया सम्मान

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. ओबीसी कमेटी के साथ चण्डीगढ़ पहुंचे सांसद गणेश सिंह का वहां के सदस्यों ने पवित्र कृपाण भेंटकर सम्मान किया.**

कार्यक्रम के दौरान एसबीआई ओबीसी एम्प्लॉई वेलफेयर एसोसिएशन, चंडीगढ़ सर्किल के महासचिव मुकेश कुमार सैनी, अध्यक्ष आशीष कुमार तथा आरबीआई ओबीसी एम्प्लॉई वेलफेयर एसोसिएशन, चंडीगढ़ सर्किल के महासचिव गुरप्रीत सिंह ने सांसद गणेश सिंह का अमृतसर स्थित श्री हरमंदिर साहिब (स्वर्ण मंदिर) से लाई गई पवित्र कृपाण (तलवार) भेंट कर सम्मान किया।



इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने ओबीसी समाज के उत्थान एवं कल्याण के लिए सांसद गणेश सिंह के योगदान की सराहना की।

# रोटरी क्लब सतना का पदग्रहण समारोह आज

**सतना, 11 जुलाई.** अंतर्राष्ट्रीय समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब सतना (डिस्ट्रिक्ट 3120) का भव्य वर्ष 2026-27 का पदग्रहण समारोह रविवार को पन्ना रोड स्थित %सिटी पार्क रिसॉर्ट% में शाम 7:30 बजे से आयोजित किया गया है। पब्लिक इमेज चेयरमैन हरिओम गुप्ता ने बताया कि इस गरिमामयी समारोह के मुख्य अतिथि रोटेरियन मनकेश्वर नाथ पांडेय (डिस्ट्रिक्ट गवर्नर नॉमिनी रोटरी मंडल 3120 ) होंगे।

# वनवासी बच्चों के समग्र विकास के लिए वन यात्रा का आयोजन

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 जुलाई. वन बंधु परिषद, सतना चैप्टर एवं सी.ए. एसोसिएशन, सतना के संयुक्त तत्वावधान में जनजातीय क्षेत्रों के बच्चों के समग्र शैक्षणिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं व्यक्तित्व विकास के उद्देश्य से एक प्रेरणादायी वन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।**

इस यात्रा का उद्देश्य वनवासी अंचलों के बच्चों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार एवं आत्मनिर्भरता का संदेश पहुँचाना तथा समाज के विभिन्न वर्गों को उनके सर्वांगीण विकास के लिए जोड़ना है।अंचल सतना संच सोहावल ग्राम



विद्यालय अहमदनगर में वन यात्रा हुई जिसमें सतना चैप्टर द्वारा बच्चों के लिए बैग बोटल रबड़ पेंसिल और नाश्ता स्नैक्स चॉकलेट सभी बच्चों को दी गई और वृक्षारोपण भी किया गया जिसमें आम का पौधा लगाया गया जबलपुर चैप्टर के सीपी शरद त्रिपाठी जी सतना अंचल के अध्यक्ष श्रीमान बृजेश शुक्ला जी अंचल सचिव श्रीमान देवराज त्रिपाठी जी संच अध्यक्ष रावेंद्र प्रताप सिंह अंचल अभियान प्रमुख श्रीमान विद्या प्रकाश कुशवाहा जी संच प्रमुख जया वर्मा आचार्य सरस्वती चौधरी और सभी बच्चों की उपस्थिति रही।

## ▶ एक नजर में ◀



### फोरम का पौधरोपण महाअभियान प्रारंभ


**सतना.** पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित सामाजिक संस्था विन्ध्य विकास फोरम द्वारा विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी वृक्षारोपण महाअभियान की शुरुआत पन्ना रोड स्तिथ ब्लूमस एकेडमी स्कूल से की गई जहाँ पर फोरम द्वारा स्कूल परिसर में वृहद वृक्षारोपण किया गया.

### सुधीर जैन दम्पति हांगकांग से सोमवार को वापस लौटेंगे



**सतना** लायंस क्लब के निवृतमान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन सुधीर जैन तथा उनकी सहधर्मिणी लायन रश्मि जैन हांगकांग में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय लायंस सम्मेलन में भाग लेकर सोमवार की सुबह आनंदविहार - रीवा एक्सप्रेस से सतना वापस लौट रहे हैं। लायन सुधीर जैन दम्पति ने हांगकांग में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के साथ ही चीन और मकाऊ देशों का भी भ्रमण करके वहाँ चल रही सेवा गतिविधियों का अवलोकन किया।

### उपेक्षित सतना को मुख्यमंत्री से बड़ी आपेक्षा : सुरेंद्र



**सतना,** जदयू राष्ट्रीय समिति के पूर्व सदस्य अधिवक्ता सुरेंद्र शर्मा ने मुख्यमंत्री को प्रेषित पत्र में मांग करते हुए कहा कि लम्बे समय से सतना स्वास्थ्य , शिक्षा और सर्वांगीण विकास से उपेक्षित है विकास के नाम पर सतना जिला ठगा महसूस कर रहा है नागरिक सुविधाएं मिलने के वजाय छीनी जा रही औद्योगिक हब के वावजूद नौजवानों , बेरोजगारो को काम की तलाश में बाहर भटकना पड रहा है बेहतर शिक्षा और इलाज के लिए भी यही हालत है एन आई टी, कृषि महाविद्यालय, सतना को संभाग का दर्जा देने एवं एयरपोर्ट विस्तार कर संचालन की आपेक्षा है.

### कु . श्वेता शुक्ला ने बढ़ाया सतना का गौरव



**सतना।** कृष्णा नगर, वार्ड क्रमांक 24 मुरली भवन के पीछे, सतना निवासी राकेश कुमार शुक्ला श्रीमती शैलेंद्र कुमारी शुक्ला (आंगनवाड़ी कार्यकर्ता)की पुत्री कु.श्वेता शुक्ला ने अपनी अथक मेहनत, लगन, प्रतिभा एवं समर्पण के बल पर कंपनी में SDE G6 पद पर वर्ष 2026 हेतु 53 लाख वार्षिक पैकेज के साथ अंतिम चयन प्राप्त कर पूरे शुक्ला परिवार का मस्तक गर्व से ऊँचा कर दिया है। यह उपलब्धि श्वेता कठिन मेहनत, अनुशासन, उत्कृष्ट संस्कार तथा पूर्वजों के आशीर्वाद का सुंदर प्रतिफल है। हमें पूर्ण विश्वास है कि आप भविष्य में भी सफलता के नए आयाम स्थापित करते हुए अपने परिवार, समाज एवं राष्ट्र का नाम निरंतर गौरवान्वित करती रहेंगी।